(ग) नहीं।

(घ) 200 पलंगों वाले वार्ड ब्लाक और प्रसव कक्ष के चालू हो जाने के बाद ही प्रसूति सेवायें शुरू की जायेंगी। 1985 के मध्य तक इस वार्ड और कक्ष के चालू हो जाने की आशा है। इस वार्ड तथा कक्ष के पूरी तरह से सुसज्जित तथा आवास सहित अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था होते ही कैजुएल्टी तथा आपाती सेवायें शुरू कर दी जायेंगी।

स्टेशनों पर रेल टिकटों की कालाबाजारी

5095. **श्री हरीश कुमार गंगवार** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 30 अक्तूबर, 1983 के दैनिक 'छपते-छपते' में "रेल टिकटों को लेकर स्टेशन पर कालाबाजारी" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो उन कारणों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) रेल टिकटों की चोरबाजारी को रोकने के लिए सतत् प्रक्रिया के रूप में निम्नलिखित उपाय किये जा रहे हैं :

(1) जहां कहीं आवश्यक होता है वहां सिविल एजेंसियों की सहायता से रेलवे के वाणिज्य और सतर्कता संगठनों द्वारा अलग-अलग या मिलकर आरक्षण और बुकिंग कार्यालयों पर नजर रखी जाती है।

(2) यात्रियों द्वारा आरक्षणों के लिए पेश किए गये मांग-पत्रों की कड़ी जांच की जाती है और संदेहास्पद मामलों में, मांग-पत्रों पर दिये गये पते पर घर-घर जाकर पूछताछ करके या जवाबी पत्र भेजकर, ऐसे आरक्षणों की सत्यता का पता लगाया जाता है ; और

(3) चलती गाड़ियों में गहन जांच की जाती है जिसके दौरान यात्रियों द्वारा आरक्षण मांग-पत्रों में दिये गये विवरण को वास्तव में यात्रा कर रहे यात्रियों के विवरण से मिलाया जाता है और हस्तांतरित आरक्षणों पर यात्रा करते पाये जाने वाले यात्रियों पर कानून के अनुसार जुर्माना किया जाता है।

विशेषकर कलकत्ता क्षेत्र और पूर्व और दक्षिण-पूर्व रेलवे के स्टेशनों में उठाये गये कदमों के संबंध में उल्लेखनीय है कि अक्तूबर, 1982 से अक्तूबर, 1983 के दौरान पूर्व रेलवे ने भेद्य स्थलों पर 50 बार जांच की जिसके फलस्वरुप 63 समाज-विरोधी तत्वों को पकड़ा गया तथा 4 रेल कर्मचारियों को विभिन्न अनिमियतताओं में ग्रस्त होने का दोषी पाया गया। दक्षिण-पूर्व रेलवे पर जनवरी 83 से अक्तूबर, 1983 के दौरान आरक्षण कार्यालयों और प्लेटफार्मों पर 135 बार जांच की गयी जिसके फलस्वरुप 122 रेल कर्मचारियों को विभिन्न अनियमितताओं में दोषी पाया गया और 216 बाहरी व्यक्तियों को झूठे आरक्षण/अवैध रूप से टिकट बेचने आदि के कारण पकड़ा गया।

Development of Road Communication in Tribal Areas

5096. SHRI GIRIDHAR GOMANGO : Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether his Ministry has received proposals from the States for the development of road communication in the tribal areas during Sixth Plan period ;

(b) if so, the names of the States and the proposals in detail, Statewise ;